आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर
दिनांक : 05.08.2024
समय : 0705

**<><><><><><><>**

- जिला उपायुक्त अर्जुन शर्मा के नेतृत्व में जिला सुरक्षा समिति ने शहर में ट्रैफिक के कारण होने वाली असुविधा और साफ–सफाई को सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया।
- डॉ. बी.आर. अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में आज से दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।
- दक्षिण अण्डमान ज़िले में कुपोषण और एनीमिया से निपटने के लिए कुपोषण मुक्त अभियान की शुरूआत की गई है।
- मंगलूटान में बिजली से संबंधित विभिन्न मसलों पर जन सुनवाई का कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- स्वराज द्वीप पुलिस द्वारा छापेमारी कर अवैध लकड़ियां जब्त की गईं।

**<><><><><><><>**

पोर्ट ब्लेयर शहर में ट्रैफिक के कारण होने वाली असुविधा और शहर में साफ–सफाई को सुनिश्चित करने के लिए जिला सुरक्षा समिति की ओर से शहर के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया गया। जिला उपायुक्त अर्जुन शर्मा के नेतृत्व में जिला पुलिस अधीक्षक निहारिका भट्ट, नगरपालिका परिषद के सचिव अमित काले, एस.डी.एम. विनायक चमाडिया और नगरपालिका तथा ट्रैफिक पुलिस के अधिकारियों ने निरीक्षण किया। पूरे भातू बस्ती और गाराचरामा क्षेत्र में सड़क किनारे अतिक्रमण के कारण यातायात में व्यवधान उत्पन्न होता है और इन क्षेत्रों से अतिक्रमण को हटाना जरूरी है। अण्डमान लोक निर्माण विभाग इन क्षेत्रों में सड़कों की मरम्मत और सड़कों के किनारों को चौड़ा करने का कार्य करेगा। इस संबंध में अतिक्रमण हटाने के लिए वार्ड पार्षदो और नगरपलिका के अधिकारियों के बीच जल्द ही बैठक बुलाई जाएगी। भातूबस्ती चौराहें में करपगम होटल के सामने खाली पडे भूमि को विकसित करने और इस इलाके को दुपहिया और ऑटों रिक्शा के लिए पार्किंग स्थल बनाए जाने का भी प्रस्ताव है। वर्तमान में यह भूमि सूचना प्रचार और पर्यटन विभाग के पास है। जिला उपायुक्त ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि वो सूचना प्रचार विभाग से एन.ओ.सी. प्राप्त करें और पार्किंग के लिए अनुमानित मूल्य को तैयार करें।

भातूबस्ती क्षेत्र में डिवाइडर मे ंभी सुधार करने की आवश्यकता है, ताकि और स्थान उपलब्ध हो सके। स्कूल अवधि के दौरान कार्मेल स्कूल, के. वी.–वन, निर्मला स्कूल और विवेकानन्द स्कूल क्षेत्र में ट्रैफिक जाम होने से छुटकारा पाने के लिए ज़िला उपायुक्त ने स्कूल प्राधिकरण के साथ बैठक बुलाने और कम से कम ऐसे दो स्कूलों की पहचान करने के लिए सर्वे कराने का निर्देश दिया, जो अपने विद्यार्थियों को लाने और ले–जाने के लिए अपने स्कूल बसों का प्रयोग कर सके। ज़िला उपायुक्त ने कार्मेल स्कूल और के.वी. –वन के प्राधानाचार्यों के साथ बैठक कर इन स्कूलों के पास उपलब्ध भू–खण्ड को उपलब्ध कराने को कहा, ताकि इन क्षेत्रों में पार्किंग की व्यवस्था की जा सकें और नालों पर स्लैब डाला जा सके। जिससे वाहनो ंको पार्क करने में आसानी होगी। कमेटी ने रतनम मार्केट क्षेत्र में साफ–सफाई को बढाने और कचरे फेकने के लिए स्थान चिन्हित करने को भी कहा।

<><><><><><><>

डॉ. बी.आर. अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में आज से दो दिवसीय पहली अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन का उद्घाटन आज सुबह साढ़े नौ बजे प्रमुख शिक्षाविद और दक्षिण एशियाई विश्वविद्यालय के अध्यक्ष प्रोफेसर के. के. अग्रवाल करेंगे। गणनात्मक बुद्धिमता की सुरक्षा संचार और सत्त विकास पर आयोजित होने वाले इस सम्मेलन का उददेश्य प्रमुख शोधकर्ताओं तथा उद्योग विशेषज्ञों को एक मंच पर लाकर गणनात्मक बुद्धिमता पर हुई प्रगति और नवाचार पर चर्चा करना हैं। इस सम्मेलन में विख्यात विशेषज्ञों द्वारा विचार साझा किए जाएंगे। शोधपत्र भी प्रस्तुत किया जाएगा। सम्मेलन में अभियन्ताओं सहित विभिन्न सरकारी विभागों के शिक्षाविद और वैज्ञानिकों के साथ–साथ स्थानीय उद्योग के प्रतिनिधि और उच्च शिक्षा के विद्यार्थी भाग लेंगे।

<><><><><><><>

दक्षिण अण्डमान ज़िले में कुपोषण और एनीमिया से निपटने के लिए  कुपोषण मुक्त अभियान की शुरूआत की गई है। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला उपायुक्त अर्जुन शर्मा ने किया। अपने संबोधन में उपायुक्त ने सामुदायिक भागीदारी के महत्व पर ज़ोर दिया। कार्यक्रम में कुपोषित बच्चों और एनीमिया से पीड़ित बच्चों को पोषण किट का वितरण किया गया। कुपोषण अभियान का उद्देश्य पोषक तत्वों से भरपूर आहार किट के वितरण के माध्यम से कुपोषित बच्चों और गर्भवती महिलाओं को सहायता प्रदान करना है जबकि एनीमिया मुक्त जिला अभियान का उद्देश्य आयरन और फोलिक एसिड की खुराक और नियमित स्वास्थ्य जांच के माध्यम से गर्भवती महिलाओं में एनीमिया के प्रभाव को कम करना है। समाज कल्याण

निदेशालय और स्वास्थ्य सेवा निदेशालय द्वारा प्रायोजित और गैर–सरकारी संगठन द्वारा समर्थित यह अभियान स्वास्थ्य में सुधार और पोषण संबंधी कमियों को दूर करने के लिए एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

<><><><><><><>

विद्युत विभाग द्वारा हाल ही में मंगलूटान के पंचायत सभागार में विद्युत विभाग के निदेशक डॉ. प्रशांत कुमार की अध्यक्षता में 'विद्युत जन सुनवाई' का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य उपभोक्ताओं तक पहुंचना तथा उनकी विद्युत संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए एक मंच प्रदान करना था। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए निदेशक डॉ. प्रशांत कुमार ने कहा कि द्वीप प्रशासन एवं विद्युत विभाग इन द्वीपों के उपभोक्ताओं को सर्वोत्तम सेवाएं प्रदान करने के लिए बाध्य हैं। सभी संभव उपायों की खोज की जा रही है तथा टीम पूरे द्वीपों में निर्बाध विद्युत आपूर्ति प्रदान करने के लिए आधारभूत संरचनाओं के निर्माण के लिए अथक प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि समस्याग्रस्त क्षेत्रों की पहचान कर उनके समाधान के लिए नियमित रूप से आकलन किया जा रहा है। कार्यक्रम में संवादात्मक सत्र के दौरान प्रतिभागियों ने अपनी शिकायतें व्यक्त कीं, जिनका जवाब विद्युत विभाग के निदेशक के साथ वरिष्ठ अधिकारियों ने दिए। जन प्रतिनिधियों एवं आम जनता द्वारा उठाए गए सुझावों एवं मांगों को भी सुना गया तथा शीघ्र निवारण का आश्वासन दिया गया। निदेशक डॉ. प्रशांत कुमार ने उपस्थित लोगों से पीएम सूर्य घर योजना सहित विभिन्न सोलर रूफ टॉप योजनाओं का लाभ उठाने का भी आग्रह किया गया। इस कार्यक्रम में दक्षिण अंडमान के अधीक्षण अभियंता और कार्यकारी अभियंता, गुप्तापारा, हम्फ्रीगंज और वंडूर पंचायतों के प्रधान और समिति सदस्य सहित पंचायती राज संस्थानों के सदस्य और बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी भी उपस्थित थे।

<><><><><><><>

स्वराज द्वीप पुलिस ने समन्वित छापों की एक श्रृंखला को सफलतापूर्वक अंजाम दिया है, जिसमें अवैध लकड़ियों की महत्वपूर्ण जब्ती की गई है। पहली कार्रवाई में स्वराज द्वीप पुलिस टीम द्वारा विजयनगर निवासी सिविल ठेकेदार परिमल मंडल के परिसर में छापा मारकर हाथ से चिरी हुई एक सौ तेरह लकड़ी के टुकड़े बरामद किए गए। दूसरे छापेमारी के दौरान पुलिस ने श्यामनगर निवासी विमसेन बा के परिसर से हाथ से चिरी हुई ग्यारह लकड़ी के टुकड़े बरामद किए गए। दोनों मामलों में जब्त की गई कुल लकड़ियां दो घन मीटर है। दोनों व्यक्तियों को हिरासत में लेने के बाद लकड़ियों के साथ उन्हें आगे की कार्रवाई के लिए वन विभाग को सौंप दिया गया है।

<><><><><><><>

दक्षिण अण्डमान जिला बाल संरक्षण इकाई में अनुबंध के आधार पर परिविक्षा अधिकारी, समाज सेवक, असिस्टेंट–कम–डाटा एन्ट्री ऑपरेटर और अकांउटेंट के एक–एक पद के लिए साक्षात्कार का आयोजन किया जाएगा। उम्मीदवार आज से बारह अगस्त तक सुबह दस बजे से आवेदन जमा कर सकते हैं। तेरह अगस्त को सत्यापन का कार्य ज़िला उपायुक्त कार्यालय के स्थापना अनुभाग में सुबह दस बजे से किया जाएगा। योग्यताधारक उम्मीदवारों को ही साक्षात्कार में शामिल होने की अनुमति दी जाएगी।

**<><><><><><><>**